प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

15 जून 2023

**वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन**

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,774 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही और 2022-23 की तीसरी तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए प्रस्तुत (वेब-लिंक https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42) किए गए हैं।

***मुख्य बिंदु***

***बिक्री***

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) पिछली तिमाही के 12.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 22.3 प्रतिशत से घटकर 2022-23 की चौथी तिमाही में 8.0 प्रतिशत हो गई (तालिका 1ए)।
- 1,709 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की सकल बिक्री संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 2022-23 की तीसरी तिमाही में 10.6 प्रतिशत से घटकर नवीनतम तिमाही में 5.3 प्रतिशत हो गई, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कीमत और आधार प्रभावों में कमी शामिल थी; उच्च संवृद्धि वाले फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को छोड़कर प्रमुख उद्योगों में गिरावट व्यापक आधारित थी (तालिका 2ए और 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने अच्छा कार्य-निष्पादन जारी रखा और नवीनतम तिमाही के दौरान बिक्री में 16.0 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की (तालिका 2ए)।
- व्यापार और परिवहन क्षेत्रों में स्थिर कार्य-निष्पादन द्वारा समर्थित, गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए राजस्व संवृद्धि अच्छी रही (तालिका 2ए और 5ए)।

**व्यय**

- बिक्री संवृद्धि में कमी और निविष्टि लागत के दबाव में कतिपय गिरावट के साथ, कच्चे माल पर विनिर्माण कंपनियों के खर्च में संवृद्धि में कमी आई (तालिका 2ए)।
- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए स्टाफ लागत में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमश: 11.3 प्रतिशत, 18.2 प्रतिशत और 15.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई; सभी क्षेत्रों में कर्मचारियों की लागत और बिक्री का अनुपात स्थिर रहा (तालिका 2बी)।

*ब्याज*

- विनिर्माण कंपनियों का ब्याज व्याप्ति अनुपात[1] (आईसीआर) 2022-23 की चौथी तिमाही के दौरान पिछली तिमाही के 6.3 से बढ़कर 7.4 हो गया; गैर-आईटी सेवा कंपनियों के आईसीआर में लगातार दूसरी तिमाही में वृद्धि हुई, लेकिन यह 1.7 पर अपेक्षाकृत अल्प रही (तालिका 2बी)।

*कीमत निर्धारण क्षमता*

- 2022-23 की चौथी तिमाही में विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के परिचालन लाभ में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमश: 1.4 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत और 25.1 प्रतिशत रही और उनका परिचालन लाभ मार्जिन प्रतिशत क्रमशः 14.3 प्रतिशत, 22.3 प्रतिशत और 22.3 रहा (तालिका 2ए और 2बी)।

**तालिकाओं की सूची**

| तालिका सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

नोट:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**अजीत प्रसाद**

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/412** निदेशक (संचार)

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज से पहले की आय और ब्याज व्यय पर कर का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।